Bharat Temples

जो मेरी लाज की लाज रखता सदा,
मीत वो मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
जो मेरी लाज की लाज रखता सदा,
मीत वो मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे।।

तर्ज जो मेरी रूह को।

श्याम जब से मिले,
दिन बदलने लगे,
रोते लब भी मेरे,
अब तो हंसने लगे,
खुशनुमा हो गई,
जिन्दगी ये मेरी,
अश्क खुशियों के भी,
अब टपकने लगे,
जो मेरी बात की,
बात रखता सदा,
मीत वो मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे।।

गर्व है अब मुझे,
अपने इस यार पे,
है भरोसा मुझे,
अपने दिलदार पे,
मेरे इस प्यार का,
जो भी अंजाम हो,
मैने छोड़ा है सब,
श्याम सरकार पे,
जो मेरे ख्वाब सब,
पुरे करता सदा,
मीत वो मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे ।।

मैं दीवानी तेरी,
नाम तेरा जपूँ,
तेरी चोखट से बाबा,
कभी ना हटूं,
तेरे चरणों की सेवा,
है जब से मिली,
मेरे अंधियारे जीवन में,
कलिया खिली,
जो मेरे मान का,
मान रखता सदा,
मीत वो मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे ।।

प्यार से डाट से,
श्याम समझाता है,
मेरी मंजिल मुझे,
श्याम बतलाता है,
रोकता है मुझे,
हर बुरे कर्म से,
मेरे खातिर,
ज़माने से लड़ जाता,
रोहित जिसका करे,
शुक्रिया अब सदा,
मीत वो मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे।।

जो मेरी लाज की लाज रखता सदा,
मीत वो मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
जो मेरी लाज की लाज रखता सदा,
मीत वो मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे,
सांवरा मिल गया है मुझे।।

Singer : Kemita Rathore

Source: https://www.bharattemples.com/jo-meri-laaj-ki-laaj-rakhata-sada/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw